प्र.सं.13(ख) अनुसूचित जन जातियों के लिए आरक्षित कोटे में यदि रोजगार में कोई कमी हो, तो उसका कारण तथा उसके लिए किए गए सुधारात्मक उपाय का प्रस्तावित सुधारात्मक उपाए बताएँ।

उत्तर मुख्य कारण योग्य जन जातीय उम्मीदवार, विशेषकर तकनीकी और कुशल पदों के लिए, उपलब्ध न होना है। जन जातीय छात्रों को उच्च/तकनीकी शिक्षा / प्रदान किए जाने के लिए शिक्षा की सुविधाएँ व प्र प्रोत्साहन प्रदान किए जा रहे हैं।

आर्थिक क्रियाकलाप

प्र. सं. 15 कृपया संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जन जातियों की सामाजार्थिक स्थितियों के सुधार हेतु कौन से विशेष कदम उठाए गए या उठाए जाने हैं ?

उत्तर इस राज्यक्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों की समाजार्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए 1978 से जन जातीय उपयोजना आरम्भ की गयी। प्रशासन के 19 क्षेत्रीय निदेशालयों/विभागों को इस प्रयोजन के लिए निर्धारित राशि के उपयोग हेतु जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत विभिन्न स्कीमों के कार्यान्वयन के लिए लगाया गया है। जनजातीय उपयोजना राशि के अलावा परिवार अनुकूलन आय जनन स्कीम के लिए खर्च करने हेतु विशेष केन्द्रीय सहायता स्कीम के अन्तर्गत भी राशि उपलब्ध है। गरीबी हटाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही लाभग्राही परिवार उन्मुख स्कीमों से 8वीं योजना के अन्तर्गत निम्न परिणाम प्राप्त हुए :-

| वर्ष | लक्ष्य | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 1992-93 | 500 | 476 |
| 1993-94 | 500 | 886 |
| 1994 -95 | 450 | 242 (दिसम्बर 1994 तक) |

स्वास्थ्य

प्र.सं. 16 कृपया संघ राज्य क्षेत्र में अनुसूचित जातियों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु कौन से विशेष कदम उठाए गए या उठाए जाने का प्रस्ताव है ?